आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरुवार 19.12.2024
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- उत्तराखंड में जनवरी 2025 से समान नागरिक संहिता–यू०सी०सी लागू की जाएगी।
- लोक निर्माण मंत्री सतपाल महाराज ने पौड़ी गढ़वाल जिले के पोखड़ा विकासखंड में पांच करोड़ रुपए से अधिक की विकास योजनाओं का शिलान्यास किया।
- चालू वित्त वर्ष के दौरान प्रत्यक्ष कर संग्रह में पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 20 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि।
- राज्य में वनाग्नि के स्थायी समाधान और पिरूल से कम्प्रेस्ड बायो गैस उत्पादन के लिए मुख्य सचिव ने एक समिति गठित करने के निर्देश दिए।

यू०सी०सी

उत्तराखंड में जनवरी 2025 से समान नागरिक संहिता–यू०सी०सी लागू की जाएगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बताया कि इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उत्तराखंड यू०सी०सी लागू करने वाला देश का पहला प्रदेश बनने जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस यू०सी०सी से उत्तराखंड की महिलाओं और बच्चों का सशक्तिकरण होगा और समाज को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने बताया कि एक पोर्टल और मोबाइल ऐप भी तैयार किया गया है, जिससे पंजीकरण, अपील जैसी सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध होंगी।

शिलान्यास

प्रदेश के पर्यटन और लोक निर्माण मंत्री सतपाल महाराज ने पौड़ी गढ़वाल जिले के पोखड़ा विकासखंड में पांच करोड़ रुपए से अधिक की विकास योजनाओं का शिलान्यास किया। इस दौरान, उन्होंने महाराजा अग्रसेन हिमालय विश्वविद्यालय छात्रावास भवन का भी उद्घाटन किया। सतपाल महाराज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड में विकास की गति तेज हो रही है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सड़कों, सिंचाई योजनाओं, शिक्षा और पंचायत भवनों के निर्माण कार्य तेजी से चल रहे हैं। इस दौरान लोक निर्माण मंत्री ने विभिन्न परियोजनाओं के शिलान्यास के साथ कई सार्वजनिक निर्माण योजनाओं की भी घोषणा की।

## स्वीकृति

हल्द्वानी में इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स स्टेडियम और टिहरी गढ़वाल के भिलंगना में बाढ़ सुरक्षा कार्यों के लिए शासन ने स्वीकृति दी है। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी की अध्यक्षता में देहरादून में आयोजित एक बैठक में बाढ़ सुरक्षा के इन कार्यों को मंजूरी दी गई। इन योजनाओं पर 54 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्धता पर विशेष ध्यान देने की सख्त हिदायत दी है।

## प्रशिक्षण शिविर संपन्न

चमोली जिले के गोपेश्वर में जूनियर बालिकाओं के लिए आयोजित 15 दिवसीय विशेष खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। इस शिविर में वॉलीबॉल, खो–खो, कबड्डी और एथलेटिक्स जैसे खेलों में 75 बालिकाओं ने हिस्सा लिया। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें विशेषज्ञ कोचों द्वारा तकनीकी ज्ञान और खेल संबंधी महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। समापन समारोह में बालिकाओं को प्रमाण पत्र और खेल किट भी वितरित किए गए।

## शरदोत्सव मेला

कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने चमोली जिले के पोखरी में आयोजित हिमवंत कवि चंद्रकुंवर बर्त्वाल के खादी ग्रामोद्योग एवं पर्यटन शरदोत्सव मेले में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर को संजोने और राज्य के विकास के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने नशे की समस्या से निपटने और गांवों में रोजगार सृजन के लिए सरकारी योजनाओं की महत्वता पर भी जोर दिया।

## जीएसटी संग्रह

आयकर विभाग ने वित्त वर्ष 2024–25 के लिए कल तक 19 लाख 21 हजार करोड रुपये का प्रत्यक्ष कर संग्रह किया है। यह कर संग्रह पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि की तुलना में बीस प्रतिशत अधिक है। इसमें नौ लाख 24 हजार करोड रुपये से अधिक के निगमित कर और नौ लाख 53 हजार करोड रुपये के गैर–निगमित कर शामिल हैं।

## बायो गैस उत्पादन

उत्तराखण्ड में वनाग्नि के स्थायी समाधान और पिरूल से कम्प्रेस्ड बायो गैस उत्पादन की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सचिवालय में इडियन ऑयल के साथ बैठक में संबंधित विभागों और अधिकारियों की एक समिति गठित करने के निर्देश दिए हैं।

समिति को पिरूल से संपीड़ित बायो गैस उत्पादन, जैविक खाद और ग्रीन हाइड्रोजन की संभावनाओं पर अध्ययन कर शासन को इसकी रिपोर्ट उपलब्ध कराने को कहा गया है। बैठक पिरूल की अधिकतम उपलब्धता और उपयोगिता पर भी विचार किया गया, जिससे राज्य में सालाना साठ हजार से अस्सी हजार टन बायो गैस उत्पादन की संभावना है। इस परियोजना के तहत गढ़वाल और कुमाऊं क्षेत्रों में संभावित स्थलों की पहचान की जाएगी।

<u>नेशनल गेम्स वॉलंटियर</u>

प्रदेश में आयोजित होने वाले 38वें राष्ट्रीय खेलों की तैयारियों में तेजी आई है, और इसके साथ ही वॉलंटियर बनने का जबरदस्त क्रेज बढ़ा है। कॉलेज छात्रों से लेकर रिटायर्ड आर्मी अधिकारी तक, वॉलंटियर बनने के लिए उत्साहित हैं। इस समय, उत्तराखंड समेत अन्य प्रदेशों से भी वॉलंटियर के लिए पंजीकरण हो रहे हैं, और यह आंकड़े दस हजार तक पहुंचने की संभावना है, जबकि विभाग को दो से ढाई हजार वॉलंटियर्स की जरूरत है। राष्ट्रीय खेल, सचिवालय के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमित सिन्हा के अनुसार इस बड़े आयोजन के सफल संचालन में वॉलंटियर्स का योगदान अहम होगा।

<u>बैठक</u>

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखण्ड निवेश और आधारिक संरचना विकास बोर्ड की बैठक ली। इस दौरान पर्यटन के क्षेत्र में नई योजनाओं की रूपरेखा पर चर्चा की गई। उन्होंने राज्य में वैडिंग डेस्टिनेशन के विकास, एयरपोर्ट में रात्रि लैंडिंग की व्यवस्था और नए शहरों के विकास को लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने राज्य के विकास के लिए सुनियोजित योजनाओं पर जोर दिया और कहा कि सभी परियोजनाओं पर समयबद्ध तरीके से कार्य किया जाएगा।

<u>बकाया भुगतान</u>

केन्द्र सरकार ने कहा है कि वर्ष 2022–23 के पिराई सत्र के दौरान किसानों के गन्ने का 99 दशमलव 9 प्रतिशत बकाया चुका दिया गया है। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रल्हाद जोशी ने लोकसभा में बताया कि वर्ष 2024–25 के चालू पिराई सत्र के दौरान गन्ने की 11 हजार 141 करोड रूपये की कुल देय राशि में से किसानों को आठ हजार 126 करोड रुपये का भुगतान किया जा चुका है।

चेन फेंसिंग

चमोली जिले में कृषि भूमि की वन्य जीवों से सुरक्षा के लिए चेन फेंसिंग की जा रही है। प्रभारी कृषि अधिकारी राजेश खेतवाल ने बताया कि जिले में इस योजना का कार्य तेजी से चल रहा है। इस योजना पर दो करोड़ छियासी लाख रुपये की लागत आएगी और 65 स्थानों पर घेरबाड़ का काम किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 35 योजनाओं पर काम पूरा कर लिया गया है और 27 पर कार्य जारी है। जनवरी 2025 तक सभी काम पूरे करने का लक्ष्य रखा गया है।

एक नज़र समाचार पत्र की सुर्ख़ियों पर ——

उत्तराखंड में यू०सी०सी लागू करने के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के बयान को सभी समाचारों पत्रों ने प्रमुखता दी है। दैनिक जागरण की ख़बर है— उत्तराखंड में जनवरी 2025 से लागू हो जाएगी समान नागरिक संहिता। मुख्यमंत्री ने कहा इसके लिए सभी तैयारियां हो गई हैं पूरी।

भारत—चीन कैलाश मानसरोवर यात्रा व नाथुला से व्यापार फिर से शुरू करने पर सहमत। इस ख़बर को अपने पहले पृष्ठ पर स्थान देते हुए अमर उजाला लिखता है— एनएसए डोभाल और चीनी विदेश मंत्री वांग यी की बैठक में छह मुद्दों पर हुई रज़ामंदी।

वैडिंग डेस्टिनेशन के लिए चार हफ्ते में नीति बनांए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के अधिकारियों को दिए इन निर्देश के साथ राष्ट्रीय सहारा समाचार पत्र लिखता है— पंतनगर और देहरादून एयरपोर्ट में विमानों की नाइट लेंडिग की व्यवस्था के लिए हो जल्द कार्यवाही।

दून में कांग्रेस का राजभवन कूच पुलिस ने रोका। इस ख़बर के साथ हिंदुस्तान समाचार पत्र ने लिख है— अदाणी मामले और मणिपुर हिंसा के विरोध में प्रदर्शन, कार्यकर्ताओं ने पहली बेरिकेड़िंग की पार, कांग्रेस नेताओं को हिरासत में लिया।

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी के व्यय वित समिति की बैठक में बाढ़ सुरक्षा कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान रखने की ख़बर पर नवोदय टाइम्स ने लिखा है— मुख्य सचिव ने गोलापार के स्पोर्ट्स स्टेडियम धर्मगंगा व बालंगा नदी बाढ़ सुरक्षा कार्यों को दी मंजूरी।